तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 19 जुलाई 2024



14 विहिप के कार्यकर्ताओं को अनुशासित रहने...






14 अधिकांश हरी सब्जियों की कीमत में वृद्धि











## वापसी : पटवारियों की मांग पर बनी सहमति, काम पर लौटे

# एसडब्ल्यूसी के कर्मचारियों के बाद पटवारियों की भी हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- प्रशासन ने ली राहत की सांस, राजस्व मंत्री से चर्चा के बाद लिया फैसला

स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन (एसडब्ल्यूसी) कर्मचारियों के बेमियादी हड़ताल वापस लिए जाने के बाद जिले सहित प्रदेश के पटवारियों ने भी अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त कर दी है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से भेंट के बाद पटवारियों ने आज गुरुवार से ही काम पर लौटने का निर्णय लिया है। बताया जा रहा कि पटवारियों की मांग पर सहमति बन गई है। वहीं, एसडब्ल्यूसी के कर्मचारियों को डीएम द्वारा चेतावनी देते हुए कड़ी फटकार लगाने की जानकारी मिली है। भुइंया पोर्टल में तकनीकी खामियों को दूर करने 32 बिन्दुओं की मांग को लेकर पटवारी बीते 11 दिनो से हड़ताल पर रहें। गुरूवार को भी धरना स्थल पटवारी कार्यालय के सामने काले लिबास पहनकर विरोध प्रदर्शन किया गया। बता दें कि पटवारियों के कारण राजस्व का दैनिक काम काज ठप पड़ा रहा।

पटवारियों की हड़ताल से फौती नामांतरण के मामले लगातार लंबित हो रहे थे। दूसरी तरफ किसानों को खाद और ऋण लेने में दिक्कतें सामने आ रही थी। आय और जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाने छात्रों की समस्याएं भी बढ़ गई थी। हड़ताल से सबसे ज्यादा राजस्व पखवाड़ा शिविर में देखने को मिल रहा था। इसी प्रकार एसडब्लूसी के कर्मचारी नियमितिकरण और श्रम सम्मान निधि को बीते 15 जुलाई से हड़ताल पर रहें। इससे पीडीएस व्यवस्था गड़बड़ाने का डर सता रहा था। लेकिन, उच्चाधिकारियों से चर्चा उपरांत हड़ताल वापस ले लिया गया है।



### बैठक में यह लिया गया निर्णय

राजस्व मंत्री, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में पटवारियों की बैठक राजधानी रायपुर में हुई। पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष संतोष सोनी ने बताया कि गुरूवार को पटवारियों की मांग पर सहमति व्यक्त करते हुए निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह मंत्री या सचिव स्तर अधिकारियों की बैठक पटवारियों के साथ होगी, जिसमें भुईंया से संबंधित समस्याओं को क्रमशः दूर किया जाएगा। इसी प्रकार बजट में पटवारियों को 1500 रुपए संसाधन नेट व्यय देने, अक्टूबर तक लैपटॉप देने, जिन हल्का नंबर में कार्यालय नहीं है, वहां सभी मूलभूत सुविधा सहित भवन निर्माण प्रमुख है।

## धीरज के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई

### 24 घंटे के भीतर जिले से बाहर जाने का आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला दंडाधिकारी प्रभात मलिक ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 (क) (ख) के तहत धीरज साहू उर्फ धीरज सरफराज पिता फूलचंद साहू (39 साल) निवासी सुभाष नगर महासमुंद, थाना व जिला महासमुंद को जिला महासमुंद एवं सीमावर्ती जिलों से निष्कासित (जिला बदर) कर दिया है। संबंधित के विरुद्ध आगामी एक वर्ष के लिए जिले के सीमावर्ती जिला रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, रायगढ़ एवं बलौदाबाजार तथा जिला महासमुंद की सीमाओं से बाहर रहने का आदेश जारी करते हुए जिला बदर की कार्रवाई की है। आदेश के 24 घंटे के भीतर जिले से बाहर जाना होगा। जिला दंडाधिकारी ने इस आदेश के प्रभावशील रहने की अवधि तक बिना उनके वैधानिक पूर्वानुमति के महासमुंद एवं जिले की सीमाओं में प्रवेश नहीं करने कहा है। इस आदेश का पालन नहीं करने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# अछोला में हुई लूट का खुलासा, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद


बीते दिनों ग्राम अछोली में एक व्यक्ति से हुई लूट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1 नग मोटर सायकल, 1 स्टील का स्टीक तथा नगदी रकम 1800 रुपए जब्त किया गया है।





तुमगांव पुलिस ने बताया कि 3 जुलाई को प्रार्थी पदमन ढीढी ग्राम परसवानी से ग्राम समोदा से पैदल जा रहा था कि रात्रि करीब 7.30 बजे ग्राम अछोला के छोटे पुल के पास पहुंचा था, उसी समय ग्राम समोदा की ओर से मोटर सायकल में दो अज्ञात व्यक्ति आए और पूछा कि कहां जाना है। तब प्रार्थी ने भोरिंग जा है कहा। इस पर दोनों व्यक्तियों द्वारा ग्राम जोबा तक छोड़ देने कहने पर प्रार्थी उनके साथ मोटर सायकल में बैठ गया। रात्रि करीब 7.40 बजे आरोपी मोटर सायकल को अछोला हाई स्कूल ग्राउंड के अंदर ले गए। ग्राउंड में एक आरोपी ने प्रार्थी की गर्दन को पीछे से पकड़ा एवं मोटर सायकल में बैठे एक अन्य अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्टील के राड से दोनों पैर को मारा और जेब में रखे नगदी रकम 7430 रुपए को लूट कर भाग निकले। रिपोर्ट पर थाना तुमगांव में अपराध धारा 3(5), 309(6) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। जांच के दौरान 17 जुलाई को दो युवक भोज साहू पिता महेंद्र साहू (18 साल) न्यू चंगोराभांठा राम मंदिर के पीछे रायपुर, एवन कुमार साहू पिता खामसिंग साहू (19 साल) न्यू चंगोराभांठा राम मंदिर के पीछे रायपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

## खबर संक्षेप



### महतारी वंदन योजना के पैसे को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगरीपाली में महतारी वंदन योजना की राशि निकालने की बात पर विवाद हो रहे बेटे-बहू को समझाने पर बेटे ने मां की पिटाई कर दी। प्रार्थिया राजकुमारी सोनी ने पुलिस को बताया कि 16 जुलाई को दोपहर करीबन 3 बजे उसका बेटा मिलन सोनी और बहू ममता सोनी में महतारी वंदन योजना की राशि निकालने की बात पर विवाद हो रहा था। उन्हें राजकुमारी ने समझाने का प्रयास किया तो मिलन सोनी ने गुस्से में आकर गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए लकड़ी के डंडे से दांये पैर के घुटने के पास मार दिया, जिससे महिला को चोट आई। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी मिलन सोनी उर्फ राजू के खिलाफ 115(2), 351 (2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

# अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के कर्मियों ने काली पट्टी लगाकर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नव नियुक्त अधिकारी -कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ ने दो सूत्रीय मांग, हर महीने के एक तारीख को कर्मचारियों का वेतन भुगतान और पुरानी पेंशन योजना नगरीय निकाय में लागू करने को लेकर आज प्रथम चरण काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।

बता दें कि नव नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने 11 जुलाई को दो सूत्रीय मांग को लेकर सांसद एवं महासमुंद को नगरीय निकायों में वेतन समस्या को लेकर मुख्यमंत्री का ध्यानाकर्षण कराने ज्ञापन सौंपा और मांगें पूरी न होने पर सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ की नगर पंचायतों, नगर पालिकाओं एवं नगर निगमों में 18 - 19 जुलाई को काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन करने, 22 को कलमबंद हड़ताल तथा 29 जुलाई को जिला स्तरीय आंदोलन की चेतावनी दी थी, जिसके तहत गुरूवार को समस्त कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर प्रथम चरण आंदोलन की शुरूआत की।

कर्मचारियों ने बताया कि नगरीय निकायों में वेतन समस्या हमेशा से बनी हुई है। 3- 4 माह का वेतन एक साथ कभी-कभी कर्मचारियों को मिलता है। यह समस्या सालों है। वेतन समस्या पर न निकाय ध्यान दे रहा है न ही शासन द्वारा कोई सार्थक पहल की जा रही है। वर्तमान में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 1 से 4 माह का वेतन भुगतान लंबित हैं। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री नगरीय प्रशासन को लंबित वेतन भुगतान के लिए राशि आवंटित किए जाने पत्र के माध्यम से अवगत भी कराया गया है।




## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष ने घोषित की कार्यकारिणी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण समाज की अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने अपने कार्यकारणी का विस्तार किया है। जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी तिवारी, उपाध्यक्ष सुशील शर्मा, मनीष शर्मा, सचिव दीपक तिवारी, सहसचिव कुंदन चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष सत्तु तिवारी, संगठन सचिव हितेंद्र तिवारी बनाए गए है। परामर्श समिति में देवेंद्र दुबे, शंकर पांडेय, अरूणेंद्रधर दीवान, गिरधर पांडेय, हेमंत तिवारी, सुधांशु दीवान, चंद्रबदन मिश्रा, संतोष शुक्ला, विशेष आमंत्रित में अनिल शर्मा, नरेंद्र दुबे, शैलेंद्र शर्मा, पं. पंकज तिवारी, पं.जवाहर त्रिवेद्वी, पं. व्यासनारायण तिवारी, पं. हेमंत त्रिवेद्वी व पं. पुरूषोत्तम शर्मा को नियुक्त किया गया है। इसी तरह महिला समिति में 10 तथा कार्यकारिणी में 17 सदस्यों को शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि गत दिनों छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण समाज की आमसभा हुई। जिसमें प्रमोद तिवारी को अध्यक्ष चुना गया था।

## निधन

### पुकलाल सिन्हा

**महासमुंद।** ग्राम परसदा (खट्टी) निवासी पुकलाल सिन्हा 72 वर्षीय पूर्व मंडलेश्वर कलार समाज खल्लारी परिक्षेत्र का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे बिसमत बाई सिन्हा के पति एवं पूर्व जनपद सदस्य चमन सिन्हा, दुर्गेश सिन्हा, यशवंत सिन्हा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम 19 जुलाई को गृह ग्राम परसदा में सुबह 8 बजे किया जाएगा।



## रोपा व बियासी के लिए झमाझम बारिश का इंतजार...



**नर्रा।** आषाढ़ माह के दूसरे पखवाड़े कुछ दिन शेष है। इन दिनों ट्यूबवेल साधन वाले किसानों की रोपाई कार्य जोर शोर से चल रही है। कुछ साधन वाले किसान रोपाई न कर लाइहारा प्रतिद्धि से धान की बोआई कर रहे है। बता दें कि चालू खरीफ सीजन में अब तक 90 फीसदी बोनी कार्य हो गई है। जबकि, छोटे से छोटे किसान धान की बोआई ट्रैक्टर से कर लेते है। नर्रा क्षेत्र के गांवों में बुधवार को दोपहर में गरज चमक के साथ अच्छी बारिश होने से बाहरानार उतार खेतों में पानी भरने व बहाव होने से किसान डीएपी, पोटाश खाद का छिड़काव कर नांगर बैल से बियासी कार्य शुरू हो गया है। अभी भी मानसून पर निर्भर किसान फसल रोपा बियासी के लिए झमाझम बारिश की इंतजार में है।

# महिलाओं के फुर्सत के पल कार्यक्रम 27 को

## कामकाजी महिलाएं एक दिन कामकाज छोड़ करेंगी मौज-मस्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में सावन उत्सव आयोजन समिति द्वारा आगामी 27 जुलाई को शहर के टाउनहॉल में महिलाओं के लिए सावन उत्सव की जगह फुर्सत के पल कार्यक्रम का आयोजित किया जा रहा है। बुधवार को नगर पालिका कार्यालय स्थित नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के कक्ष में बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।

आयोजन समिति की महिलाओं ने तय किया है कि फुर्सत के पल कार्यक्रम में महिलाओं के लिए एकल नृत्य, समूह नृत्य, खेलकूद समेत अन्य आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने बताया कि फुर्सत के पल का कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कामकाजी महिलाओं को एक दिन कामकाज से राहत देते हुए पूरा दिन मौज-मस्ती किया जाए। इसी ध्येय को लेकर सावन में सावन उत्सव की जगह पर उत्सव को फुर्सत के पल नाम दिया गया है। राशि महिलांग ने आयोजन में शहर की महिलाओं को बड़ी संख्या में उपस्थित होने का अनुरोध किया है। बैठक में पार्षद माधवी सिक्का, निरंजना चंद्राकर, मधु तिवारी, राजश्री ठाकुर, सुधा रात्रे, ईशा टंडन, सुलेखा शर्मा, शबनम धनवानी, चांदनी बानो, प्रिया मदनकार, डॉली मदनकर, संगीता मदनकर, राघनी चंद्राकर, राखी ठाकुर, संपा बोस, रूबी मिश्रा, ममता बग्गा, प्रेमशीला बघेल, कैलाश पटेल और रुकसार बानो उपस्थित रहे।

# फुलझर फुटबाल क्लब ने किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

फुलझर फुटबॉल क्लब द्वारा हाईस्कूल मैदान में पौधरोपण कर सुरक्षा का संकल्प लिया। एक पेड़ मां के नाम के तहत वृहद वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की। इस दौरान क्लब के सदस्यों ने कहा कि भारतीय संस्कृति में एक वृक्ष का महत्व दस पुत्रों के बराबर माना गया है। वनस्पति के साथ-साथ नदी, पहाड़ आदि को जीवंत मानना हमारी संवदेनशील सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राज्य में भी वृहद वृक्षारोपण का संकल्प लिया गया है। इस दौरान सुनील ठाकुर, कश्यप प्रधान, श्रवण यादव, सुधीरदानी, प्रफुल डेविड, तरुण बारी, घुराऊ चौहान, शिवा यादव, हनुमंत यादव, धनेश कुमार साहू, अभय सिंह राजपूत, एकलव्य बारीक, देवेंद्र चंद्रा आदि मौजूद रहे।

# नपाध्यक्ष राशि के बायपास मार्ग अभियान को सब्जी व्यापारी संघ ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर बायपास मार्ग निर्माण के लिए मांग पत्र सौपे जाने के पश्चात दिल्ली वापस लौटते ही अनेक व्यापारिक व सामाजिक संगठनों ने नपाध्यक्ष के इस कार्य को सराहनीय व जनहित पहल बताते हुए उनके अभियान को समर्थन देने की घोषणा की है।

बुधवार को बिन्नी बाई सब्जी बाजार के थोक व चिल्हर सब्जी विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष संतोष चंद्राकर ने पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग को बायपास निर्माण के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर बायपास सड़क निर्माण की बात रखने और शहर के लिए उक्त अभियान को शुरू करने के लिए सब्जी व्यापारी संघ ने नपाध्यक्ष को अपना समर्थन पत्र सौंपा। इस दौरान उनके साथ नपाध्यक्ष सहयोगी नीरज परोहा और युवा नेता अरिश अनवर मौजूद रहें। नपाध्यक्ष सहयोगी नीरज परोहा ने बताया कि केंद्रीय मंत्री गडकरी से मुलाकात व बायपास मार्ग निर्माण मांग पत्र सौपे जाने की खबर अखबारों व सोशल मीडिया में प्रकाशित होने के बाद नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग को अनेक व्यापारिक संगठन, सामाजिक संगठनों व विभिन्न समाजजनों ने फोन और उनके निवास पहुंचकर उनके इस अभियान के लिए बधाई दी। सभी संगठनों ने श्रीमती महिलांग को बायपास निर्माण कार्य प्रारंभ होने तक इस अभियान के प्रत्येक चरणों मे समर्थन देने की घोषणा की। समर्थन के लिए नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने सभी संगठनों का आभार मानते हुए कहा कि वे एक राजनैतिक दल से जुड़ी एक कार्यकर्ता है। पर उनका यह अभियान विशुद्ध रूप से गैर राजनैतिक अभियान होगा व शहर के प्रत्येक लोगों को जोड़कर उनकी अहम भागीदारी होगी।



# मचेवा में माता पहुंचनी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम मचेवा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां शीतला मंदिर प्रांगण में उत्साह के साथ जुड़वास (माता पहुंचनी) मनाया गया। शीतला मंदिर समिति द्वारा सर्वप्रथम माँ शीतला का विशेष श्रृंगार फूल व गहनों से किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में विराजित हनुमान की भव्य प्रतिमाओं को आकर्षक रुप से सजाया गया। मंदिर के पुजारी गणेशु ध्रुव द्वारा मां शीतला का हल्दी, दूध, गंगाजल से अभिषेक कर विधि विधान के भव्य आरती किया गया। श्रद्धालुओं ने माता शीतला को चना दाल और खीर-पुड़ी का भोग लगाकर परिवार व अंचल की खुशहाली के लिए माता से कामना की। गांव की माताएं-बहनों एवं युवाओं द्वारा माता भजन, जसगीत से मंदिर परिसर को भक्ति मय कर दिया। समिति द्वारा श्रद्धालुओं को ठडाई व प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन में मानसिंग, गजानंद, छन्नू, कृष्णा, योगेश सेन, जितेंद्र साहू, योगेश ध्रुव, ईश्वर, थनवार, गुलाब, दुकालू यादव, मन्नू सहित युवाओं व ग्रामीणों का सहयोग रहा।

# 293 स्कूल बसों की अब तक जांच नहीं

## परिवहन विभाग मान्यता रद्द करने लिखेगा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्कूल खुलने के पूर्व हर वर्ष अप्रैल से स्कूल बसों की जांच प्रक्रिया शुरू की जाती है। वर्तमान में रायपुर जिले के निजी स्कूलों में 1266 स्कूल बसें संचालित हो रही हैं। स्कूल में संचालित बसों की जांच प्रक्रिया अप्रैल में शुरू कर तीन माह तक चलाई गई। बावजूद इसके स्कूलों में संचालित बसों में से 25 प्रतिशत बसों की अब तक फिटनेस जांच नहीं हो पाई है। जिन बसों की फिटनेस जांच नहीं हुई है, उन स्कूलों की मान्यता रद्द करने परिवहन विभाग शिक्षा विभाग को पत्र लिखने की बात कह रहा है।

परिवहन विभाग के अफसर के मुताबिक स्कूलों में संचालित बसों में से 973 बसों की जांच की गई है। जांच में 173 बसों की फिटनेस सहित अन्य तरह की खामियां पाई गईं। जिन बसों में खामियां पाई गईं, उनमें से 128 ने खामियां ठीक कराने के बाद परिवहन विभाग को रिपोर्ट की है, 45 की रिपोर्ट आना अभी बाकी है। विभागीय अफसरों के मुताबिक स्कूलों में संचालित बसों के फिटनेस के लिए समय-समय पर औचक निरीक्षण किया जाता रहा है। 293 स्कूल बसों की अब तक जांच नहीं हो पाई है।



# बाबाधाम की यात्रा में निकले भाजपा नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सावन का महीना प्रारंभ होते ही शिव चरणों में जल चढ़ाने के लिए लोग कांवर लेकर शिव स्थानों की ओर जाने का क्रम प्रारंभ हो गया है। महासमुंद से 187 लोगों का एक दल बाबा धाम (बैजनाथ) के लिए भाजपा नेता रमेश साहू के साथ साउथ बिहार एक्सप्रेस से रवाना हुआ। ये सभी शुक्रवार को जर्सी डी स्टेशन पर पहुंचेंगे। सुल्तानगंज से पानी लेकर 110 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर रविवार को बैजनाथ धाम पहुंचेंगे और सुबह सोमवार को भगवान शिव को जल समर्पण कर वहां से वापसी होगी। यात्रा में उनके साथ जाने वालों में पार्षद महेंद्र जैन, एडवोकेट जितेंद्र इदिकर, विमल शर्मा, दीपक साहू, विकास अग्रवाल, राखी इदिकर, उषा साहू, मीनाक्षी झा, कमलेश्वरी साहू, सुमेधा साहू, ज्योति साहू, लक्ष्मी साहू, रोशनी शर्मा, राजेश्वरी राजपूत, सीता शर्मा, चंपा देवी साहू, मेघा सिंह, गुलाब साहू, टेकराम साहू, राकेश यादव, परशुराम साहू, मुनेश्वर साहू, जगदीश ठाकुर आदि रवाना हुए।



## सरस्वती शिशु मंदिर सलडीह में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगा

**बसना।** सरस्वती शिशु मंदिर (पूर्व माध्यमिक विद्यालय) सलडीह में जिला ग्राम भारती जिला महासमुंद के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर ग्राम पंचायत सलडीह के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा अरुण से अष्टम तक के उपस्थित बच्चों का सिकलिन ब्लड ग्रुप, नेत्र जांच आदि का परीक्षण कर दवाई वितरण किया गया। जिसमें 70 बच्चों का नेत्र जांच, 103 बच्चों का खून जांच किया गया। नेत्र जांच परीक्षण के दैरान 5 बच्चों का अन्य नेत्र दोष पाया गया। जिसको चश्मा बनवाने के लिए सलाह दी गई, जो कि शासन द्वारा निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। सामान्य रोग से ग्रसित बच्चों को निःशुल्क दवाई वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में विद्यालय के संस्था प्रमुख रविकिशोर बेहेरा, ग्राम प्रमुख सरपंच श्वेतराम प्रधान एवं स्थानीय विद्यालय के समस्त शिक्षक/शिक्षिका एवं स्वास्थ्य विभाग से चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनीष भारद्वाज, नेत्र चिकित्सक प्रमोद साहू एवं पूरे टीम के साथ समस्त बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं निःशुल्क दवाई वितरण किया गया।

# भाठागांव बसस्टैंड, बूढ़ापारा, संतोषीनगर सर्विस रोड से मवेशियों की धरपकड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के जोन 6 और जोन 10 अमले ने बुधवार को भाठागांव स्थित नए बसस्टैंड, बूढ़ापारा क्षेत्र और संतोषीनगर के सर्विस रोड में अभियान चलाकर आवारा मवेशियों की धरपकड़ की। एनजीटी के आदेश को ध्यान में रखकर नगर निगम के 10 जोन में काउकेचर वाहन की मदद से विशेष टीम सड़क यातायात बाधित कर रहे मवेशियों को पकड़कर गोठान भेज रही है।

- अमलीडीह, टैगोर नगर में आवारा मवेशियों का जमावड़ा

नगर निगम जोन 6 अमले ने भाठागांव स्थित बसस्टैंड से संतोषी नगर सर्विस रोड तक और पुलिस लाइन मार्ग पर 10 मवेशियों को पकड़कर गोठान भिजवाया। इसी तरह जोन 10 की काऊ कैचर टीम ने देवपुरी मार्ग से दर्जनभर मवेशियों की धरपकड़ की। जोन 4 की टीम ने बूढ़ापारा और कालीबाड़ी मार्ग पर आवारा मवेशियों को पकड़ने अभियान चलाया। इस दौरान 5 मवेशियों को पकड़ कर गोठान भिजवाया गया।

वहीं पुरानी बस्ती से लाखे नगर मार्ग पर मवेशियों के झुंड से अब तक लोगों को निजात नहीं मिल पाई है। सुबह-शाम इस मार्ग की सड़क पर सांड और मवेशियों का झुंड मंडराते हुए देखा जा सकता है। इनमें से ज्यादातर पालतू मवेशी हैं, जिन्हें पशुपालक सड़क पर विचरण करने खुला छोड़ देते हैं। शहीद पंकज विक्रम वार्ड के टैगोर नगर, छत्तीसगढ़ नगर और धर्मनगर, जोन 10 के अमलीडीह इलाके में मवेशियों के झुंड से लोग परेशान हैं। नगर निगम अमला यहां झांकने तक नहीं पहुंचा है।



### जमीन विवाद को लेकर सास-बहू से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी में जमीन विवाद को लेकर सास-बहू से मारपीट की शिकायत बसना थाने में दर्ज कराई गई है। ग्राम शिवरीनारायण हाल मुकाम ग्राम बम्हनी निवासी फगनी कोंद ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि 17 जुलाई को सुबह उसे पता चला कि डीही खार में स्थित उनके खेत में गांव के श्यामलाल बिंझवार धान बो रहा है, तब फगनी कोंद व उसकी सास अघ्घन बाई खेत गए, जहां श्यामलाल बिंझवार उसकी पत्नी व पुत्र धान बो रहे थे, जिसे देखकर फगनी कोंद ने हमारा खेत है कहते हुए उन्हें धान बोने से मना किया। इस पर श्यामलाल बिंझवार व उसके पुत्र ने हमारी जमीन है तुम रोकने वाली कौन हो कहते हुए विवाद कर गाली गलौज किया। जिसे मना करने पर आरोपियों ने हाथ मुक्का से मारपीट कर जमीन पर पटक दिया तथा टंगिया को पकड़कर जान से मार देंगे कहकर धमकी दी। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी श्यामलाल बिंझवार व उसके पुत्र के खिलाफ 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस, के तहत मामला दर्ज किया है।

## कम गहराई में पाइप लाइन बिछाने के कारण अवैध नल कनेक्शन के मामले बढ़े


# एक मीटर खुदाई कर बिछानी है पाइप लाइन कई गांवों में ठेकेदारों ने ढाई फीट में बिछा डाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल कनेक्शन देने के लिए पानी टंकी का निर्माण से लेकर पाइप लाइन बिछाने का काम अब तक खत्म नहीं हो पाया है। कई गांवों में अब तक पाइप लाइन तक बिछाई नहीं गई है। इस योजना के तहत जारी गाइड लाइन के अनुसार पाइप लाइन बिछाने के लिए एक मीटर यानी 3.28 फीट जमीन में गड्ढा किया जाना है, लेकिन इस नियम का कई गांवों में पालन नहीं किया गया है। कहीं ढाई फीट, तो कहीं तीन फीट गहराई करके पाइप लाइन बिछा दी गई है। कम गहराई में पाइप लाइन बिछाने के कारण अब पानी की चोरी होने लगी है। कई ग्रामीण पानी की धार कम होने के कारण अवैध रूप से कनेक्शन लेने लगे हैं, जिसके कारण गांव के दूसरे परिवारों को पानी ही नहीं मिल पा रहा है। राष्ट्रीय पेयजल मिशन अंतर्गत दिसंबर 2024 तक घर-घर नल कनेक्शन देना है। इस आदेश के तहत अब तक कई ग्रामों में पानी टंकी और पाइप लाइन बिछाए जाने के बाद भी ग्रामीणों को कनेक्शन नहीं मिल पाया है, वहीं कहीं कनेक्शन मिल गया है, तो टंकी में पानी नहीं भरने के कारण नलों से पानी नहीं आ रहा है।

### कलेक्टर जनचौपाल में शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

गांव के एक परिवार ने इसकी शिकायत कलेक्टर जनचौपाल में भी की है, जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। हालांकि पीएचई विभाग के अधिकारी ने इस शिकायत की जांच किए बिना कागजों पर जवाब दे दिया है। अधिकारियों का कहना है कि मापदंड के अनुसार पाइप लाइन बिछाई गई और कोई भी अवैध रूप से कनेक्शन नहीं लिया है, जबकि शिकायतकर्ता ने अवैध नल कनेक्शन का फोटो व विडियो बनाकर साक्ष्य के साथ शिकायत की है।



### दो साल पहले बनी टंकी, पाइप लाइन बिछाने का काम अब तक शुरू नहीं

आरंग क्षेत्र के ग्राम कुरुद में पानी टंकी बने हुए दो साल हो चुका है, लेकिन पाइप लाइन बिछाने का काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है। यहां के सरपंच पारसराम साहू ने बताया कि राष्ट्रीय पेजयल मिशन अंतर्गत उनके गांव में पानी टंकी का निर्माण हुए दो साल हो गए हैं, लेकिन पाइप लाइन नहीं बिछाए जाने के कारण गांववासियों को कनेक्शन नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन में इसकी शिकायत की है, जिसके बाद अधिकारियों ने पाइप लाइन का सामान गांव में डंप किया हुआ है।

### ग्राम भटिया में मामला उजागर

आरंग क्षेत्र के ग्राम भटिया में नल जल मिशन योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण व पाइप लाइन बिछाकर घर-घर नल कनेक्शन दिया गया है। इस टंकी के जरिए घरों में गर्मी के सीजन से पानी की सप्लाई भी शुरू हो चुकी है। नए कनेक्शन से घरों में मिलने वाली पानी की धार बहुत कम आ रही थी। इसके कारण टंकी के पास और मुख्य पाइप लाइन के अगल-बगल रहने वाले कई ग्रामीणों ने पानी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने के कारण अवैध रूप से पाइप लाइन से दोबारा कनेक्शन ले लिया है। इस तरह लोग पानी की चोरी करने लगे हैं। सूत्रों के अनुसार इस गांव में जो पाइप लाइन बिछाई गई है, वह निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं है।

## खबर संक्षेप

### विधायक के नेतृत्व में कल होगा नगर पालिका घेराव

**बागबाहरा।** नगर पालिका क्षेत्र में विद्यमान विभिन्न समस्याओं को लेकर खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में कल कांग्रेस पार्टी ने नगर पालिका घेराव का आह्वान किया है। बागबाहरा एसडीएम को सौंप गए पत्र में उन्होंने बताया है कि पालिका क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न मामलों को लेकर मुख्य मार्ग से रैली निकाली जाएगी। साथ ही नगर पालिका का घेराव किया जाएगा। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव उपस्थित रहेंगे। ज्ञात हो कि नगर पालिका क्षेत्र में 3 साल से 1870 प्रधानमंत्री आवास रुके हुए हैं, जिन्हें दिलवाने की मांग की जा रही है। साथ ही रेलवे किनारे बसे लोगों के आशियाने को रेलवे द्वारा अतिक्रमण हटाने के रूप में उजाड़ा जा रहा है, जिनके लिए प्रधानमंत्री आवास बनाए जाने की जा रही है। साथ ही बागबाहरा शहर में सफाई नहीं हो रही है और यत्र-तत्र-सर्वत्र गंदगी देखने को मिल रही है। उक्त गंदगी के लिए उन्होंने नगर पालिका अधिकारी को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके ऊपर विभागीय कार्रवाई की मांग की है। जिसके लिए उन्होंने कल नगर पालिका घेराव एवं रैली का आयोजन किया है। जिसमें अधिक संख्या में नागरिकों एवं आम जनता को अपनी उपस्थिति दर्ज करने का आह्वान कांग्रेस द्वारा किया जा रहा है।

## निधन

### ललित कुमार पंडा



**महासमुंद।** खम्हारपाली सराईपाली निवासी ललित कुमार पंडा (82 वर्ष) का निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। वे रघुनंदन के पिता, भुवनेश्वर, परमेश्वर के बड़े पिता, सुरेश, हेमंत, रमेश एवं गोपेश के भैया थे।

# खिलाड़ी सुखदेव ने 2 स्वर्ण और नोशन ने 1 कांस्य पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा 13वीं नेशनल सब जूनियर एवं जूनियर पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 का आयोजन कांतिरावा आऊटडोर स्टेडियम बेंगलुरु में 15 से 17 जुलाई 2024 तक आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य की दल से कुल 6 पैरा एथलेटिक्स खिलाड़ी शामिल हुए।

राज्य दल के प्रशिक्षक व मैनेजर निरंजन साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश की टीम में महासमुंद जिले से सुखदेव केंवट, नोशन लाल पटेल, दिनेश पटेल, निखिल यादव, जिला बालोद से उदयराम कुमार निषाद, सूरजपुर जिले से यशोदा राजवाड़े शामिल हुए। जिसमें छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 1 रजत एवं 3 कांस्य कुल 6 पदक जीतने में सफल रहें। महासमुंद जिले से सुखदेव ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप के 100 मीटर दौड़ एवं 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता, जिले के नोशन लाल पटेल ने 1500 मीटर दौड़ में छत्तीसगढ़ राज्य के लिए कांस्य पदक जीतकर प्रदेश व जिले का नाम रौशन किया। कलेक्टर प्रभात मलिक ने सुखदेव एवं नोशन पटेल को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप बेंगलुरु में आयोजित किया गया

विदित हो कि जिले के फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्च माध्यमिक विद्यालय करमापटपर बागबाहरा खुर्द के राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी सुखदेव केंवट और निखिल यादव का चयन हॉल ही में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) बेंगलुरू में हुआ हैं, जो जुलाई माह से आवासीय राष्ट्रीय अकादमी में प्रवेश लेकर नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

जिले के खिलाड़ियों को नेशनल चैंपियनशिप बेंगलुरु में पदक जीतने पर उपसंचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, सहायक संचालक शिक्षा सतीश नायर, छत्तीसगढ़ पैरा एथलेटिक्स संघ के सचिव डिकेश टंडन, जिला पैरा एथलेटिक्स संघ से तोरण यादव, विश्वनाथ पाणिग्रही, भेख लाल साहू, अतुल बग्गा, डॉ. विकास अग्रवाल, अध्यक्ष फॉर्च्यून फाउंडेशन निरंजन साहू एवं समस्त शाला परिवार ने हर्ष जताया।

## आस्था : गाजे बाजे के साथ रथ में सवार होकर अपने मंदिर में पहुंचे प्रभु

# धूमधाम से निकाली गई बाहुड़ा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर में बाहुड़ा यात्रा का आयोजन बड़े धूमधाम से हुआ। भगवान जगन्नाथ, भैया बलभद्र एवं बहन सुभद्रा अपने मौसी माँ के घर से विदा होकर 11 दिन बाद बड़े धूमधाम से गाजे बाजे के साथ रथ में सवार होकर अपने मंदिर में वापस विराजित हुए। छग करण महांती समाज मां तारिणी महिला मंच एवं महांती युवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 2 दिवसीय कार्यक्रम किया जाता है। इस वर्ष 16 जुलाई 2024 मंगलवार को भगवान जगन्नाथ के रथ को दलदली रोड स्थित जोशी निवास स्थान से सुभाष नगर के उत्कलवासियों की बस्ती से होते हुए जगन्नाथ भवन में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा को स्थापित किया गया।





रात में आरती के पश्चात समाज के कलाकारों द्वारा नृत्य-गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। 17 जुलाई को प्रातः आरती के पश्चात भक्ति संगीत का कार्यक्रम 3 बजे तक चलता रहा। इस दौरान दिनभर भगवान के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। संध्या 5 बजे बाहुड़ा यात्रा का शुभारंभ हुआ, रथ प्रस्थान से पूर्व पुरी रथयात्रा के तर्ज पर छेरा पोहरा की प्रक्रिया हुई।

राजा के भेष में पवित्र मोहन महांती ने यह कार्य संपादित किया। इस प्रक्रिया के साथ बाहुड़ा यात्रा का शुभारंभ हुआ। समाज के कलाकारों शुभम सरकार, गोपाल सरकार, श्रीकांत महांती, मनोज महांती ने भक्ति संगीत की धुन ने विशाल शोभा यात्रा को थिरकने को विवश कर दिया। हजारों की संख्या में भक्तगण नाचते गाते, भगवान जगन्नाथ को श्री राम जानकी मंदिर में विराजित किये।

इस अवसर नगर के अनेक स्थानों में श्रद्धालुओं ने बाहुड़ा यात्रा में नास्ता चाय की सेवा अर्पित की। मेघ बसंत कालोनी में विपीन महांती एवं कालोनी वासियों, एफसीआई चौक में महानंद, रमेश साहू, मोहन शर्मा एवं मंदिर प्रागण में इंसाफ बैंक की ओर से कोल्डड्रिंक वितरण किया गया। समाज के अध्यक्ष मनोहर महांती ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए छग करण महांती समाज मां तारिणी महिला मंच एवं महांती युवा मंच के सदस्यों को धन्यवाद दिया।

## चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करने पधारे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुरुकुल आमसेना, खरियार रोड राजू भाई (राजकोट), दुर्गेश शाह (पुणे), अनंत जेना (बालेश्वर), डॉ संजय शाह (गांधीनगर) के गुरुकुल आश्रम आगमन पर गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। गुरुकुल आश्रम आमसेना की यज्ञशाला में भाग लेकर आहुति प्रदान की। इस अवसर पर गुरुकुल आश्रम के संस्थापक स्वामी धर्मानंद सरस्वती से सभी महानुभावों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। चिकित्सा शिविर उद्घाटन के अवसर पधारे सभी अतिथि महानुभावों का विशेष स्वागत सम्मान किया गया। यह सारा सेवा कार्य परम मित्र मानव निर्माण संस्थान दिल्ली, गुरुकुल के प्रधान कैप्टन रूद्रसेन सिंधु के आशीर्वाद व चिकित्सालय के संरक्षक स्वामी व्रतानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर चिकित्सा कार्य में सहयोग कर रहे डॉ विक्रम किशोर केसरी, डॉ भुवन प्रसाद, डॉ आरती आर्य व अनेक सहयोगियों के सहयोग से यह नेक कार्य हो पा रहा है। इसके लिए चिकित्सालय के प्रबंधक संरक्षक स्वामी व्रतानंद सरस्वती ने सभी महानुभावों को धन्यवाद व आभार जताया।









खबर संक्षेप



### पार्षद ने किया नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल व समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों के तहत भाठापारा वार्ड नं 13 में वार्डवासियों की मांग के अनुसार सीसी नाली कार्य का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। निर्माण कार्य का निरीक्षण पार्षद धर्मेंद्र यादव ने किया। पार्षद ने ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने निर्देशित किया।

### स्काउट गाइड की मतदाता सूची का प्रकाशन कल

**महासमुंद।** भारत स्काउट्स एवं गाइडस स्थानीय संघ विकासखंड महासमुंद निर्वाचन के लिए जिला संघ से प्राप्त निर्देशानुसार सशुल्क सदस्यता अभियान से पंजीकृत आजीवन सदस्य एवं साधारण सदस्य में से अधिकतम 10 सदस्यों का चयन कर मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाना है। अतः आप समस्त पंजीकृत आजीवन सदस्य एवं साधारण सदस्य 19 जुलाई शुक्रवार को समय 11 बजे विकासखंड शिक्षा कार्यालय महासमुंद में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।



### भानु होंगे स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष

**महासमुंद।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगांव में पदस्थ मेडिकल लैब टैक्नोलॉजिस्ट भानु डडसेना को प्रांताध्यक्ष ने छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला इकाई का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस अवसर पर भानु डडसेना को संदर्भानुसार प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा का हस्ताक्षरित पत्र प्रदान किया गया।

### भाजपाजन आज सुनेंगे लोगों की समस्याएं

**महासमुंद।** पूर्व विधायक एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा, पार्षद देवीचंद राठी, पवन साहू, मोहन साहू, हनीश बग्गा, विक्की गुरुदत्ता, सुरेन्द्र महाराज, जीतेन्द्र साहू, राकेश सचदेव समेत अन्य भाजपाइयों द्वारा 19 जुलाई शुक्रवार को सुबह 11 से 12 के बीच एसडीएम कार्यालय परिसर महासमुंद में जनता की समस्याओं को लेकर भेंट मुलाकात किया जाएगा। उन समस्याओं का निराकरण करवाने के लिए एसडीएम एवं तहसीलदार से मिलेंगे एवं हल के लिए चर्चा कर समस्याओं का निपटारा किया जाएगा। डॉक्टर चोपड़ा ने आम लोगों से आह्वान किया है कि शुक्रवार प्रातः 11 बजे से 12:00 बजे के मध्य उनसे एसडीएम कार्यलय परिसर में मिलकर अपनी राजस्व विभाग एवं अन्य सरकारी विभाग से संबंधित समस्याएं बता सकते हैं। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे।


**योजना:** सोनासिल्ली निवासी सुमिन कमार को पीएम आवास का लाभ

# सुमिन को प्रधानमंत्री जन-मन आवास योजना से मिला खुद का पक्का मकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खुद के पक्के घर में निश्चिंत होकर कौन नहीं रहना चाहता। यह सभी का एक बड़ा सपना होता है, जिसे पूरा करने के लिये हर व्यक्ति जी जान से मेहनत करता है। सुमिन कमार भी पक्के घर का सपना दिल में लिए जी रही थी।

महासमुंद जिले की पिथौरा जनपद पंचायत के सोनसिल्ली गांव की सुमिन कमार ने बताया कि ग्राम पंचायत पिथौरा द्वारा उसे बताया गया कि 2023-24 में उसका नाम प्रधानमंत्री जन-मन योजना की आवास चयन सूची में आ गया है। योजना के तहत उसे तीन किस्तों में काम के आधार पर धनराशि सीधे उसके बैंक खाते में दी गई। साथ ही उन्हें मनरेगा योजना के तहत कुशल मजदूरी का भुगतान भी किया गया और अब उसे प्रधानमंत्री जन-मन आवास योजना से खुद का पक्का घर मिल गया है। पक्का घर पाकर वे बेहद प्रसन्न हैं। इस योजना ने पक्के घर में रहने का उनका बरसों पुराना सपना साकार कर दिया है।



सुमिन कमार बताती है कि वे बेहद गरीब परिवार से हैं और सालों से कच्चे मकान में रहती थी। कच्चे मकान में रहने पर बारिश में उन्हें बड़ी परेशानी होती थी। बारिश की वजह से उसका घर-गृहस्थी का सामान भीगकर खराब हो जाता था। हर साल बारिश से पहले घर की मरम्मत में बहुत पैसा खर्च हो जाता था। वह मजदूरी कर अपना भरण-पोषण करती थी। गरीबी के कारण वह अपना पक्का मकान नहीं बना पा रही थी। सुमिन कमार ने बताया कि प्रधानमंत्री जन-मन योजना से उसका पक्का घर बन गया है और अब वह इसमें रहने भी लगी हैं। वे यह भी बताती है कि वे छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला स्वसहायता समूह में जुडी हुई है। साथ ही पति घासीराम कमार के साथ मिलकर बांस से बने हस्तशिल्प बनाकर उन्हें विक्रय करती हैं, जिससे उन्हें अच्छी आमदनी होती है। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन से शौचालय का निर्माण भी कराया है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया है जिससे बड़ी से बड़ी चिकित्सा सहायता हो सके। नल जल योजना के तहत भी सुमिन को नल कनेक्शन प्रदान किया गया है, जिससे घर पर ही पेय जल की सुविधा मिल गई है एवं प्रधानमंत्री जनमन योजना से आवास निर्माण का लाभ मिला, जिससे उसके जीवन स्तर में सुधार हुआ। इन सभी जन कल्याणकारी योजना से लाभान्वित होकर सुमिन कमार के दिन अब बदल गए हैं। वे प्रधानमंत्री जन-मन योजना से उसे पक्का घर देने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हृदय से आभार जताती हैं।

# अधिकांश हरी सब्जियों की कीमत में वृद्धि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

क्षेत्र के हर गांव में मरार पटेल निवासरत है। इन्हीं पटेलों के बाड़ियों में जब हर प्रकार की सब्जी का उत्पादन कर बाजार में उपलब्ध रहता है, तब हरी सब्जियों का भाव पांच से दस रुपए किलो में मिलता है। सस्ते होने से लोग झोला भर-भर के ले जाते है। जैसे जैसे बरसात आने लगता है, वैसे ही इन सब्जियों के दाम बढ़ने लगता है। चूंकि, बरसात में मरार के बाड़ी से सब्जी निकलना बंद हो जाता है। इस कारण सब्जियों का दाम आसमान छूने लगता है।

अभी वर्तमान में टमाटर 70 से 80 रुपए किलो, फूल गोभी 100 रुपए, पत्ता गोभी 50, कुंदरू 40, मूली 40 से 50, भिंडी 40, लालभाजी 50, लाल बरबट्टी 40 से 50, बैगन 40 से 50, लौकी 20 से 30, पत्ता धनिया 400 रुपए, ग्वार फल्ली 120, हरा मिर्ची 120 किलो, नींबू एक नग पांच रुपए, आलू 40 से 42 रुपए, करेला 40 रुपए, मुनगा 70 रुपए, कोचई 40 से 50 रुपए, परवल 60 रुपए प्रति किलो है।

## नयन ने मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के सहारे अपने जीविका की राह को बनाया आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली विकासखंड के ग्राम सराईपतेरा निवासी 52 वर्षीय नयन भोई ने समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदत्त मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का सहारा लेकर अपने जीवन को सरल और स्वतंत्र बनाया है। जन्म से ही दिव्यांग नयन भोई को दैनिक गतिविधियों के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता रहा।



लेकिन, समाज कल्याण विभाग द्वारा मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्राप्त करने के बाद उनकी जीवनशैली में सुधार हुआ है। अब वे आसानी से अपने व्यवसायिक कार्यों को कर पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे सरायपाली क्षेत्र में ओड़शिा बरगढ़ से मशरूम मंगा कर स्थानीय चौक चौराहों में बेचते हैं, जिससे उनकी आमदनी बढ़ी है और वे अपने परिवार का भरण-पोषण सुगमता से कर पा रहे हैं।

## जिले में शिशु संरक्षण माह विटामिन ए अनुपूरक कार्यक्रम आज से

**महासमुंद।** जिले में शिशु संरक्षण माह विटामिन ए अनुपूरक कार्यक्रम 19 से 23 अगस्त 2024 तक आयोजित किया जाएगा। डॉ. पी कुदेशिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि शिशु संरक्षण माह के दौरान 09 माह से 05 वर्ष के आयु वर्ग वाले बच्चों को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण सत्र के दौरान वर्ष में दो बार विटामिन-ए अनुपूरक, 06 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को आईएफए सिरप प्रदान किया जाना, 05 वर्ष तक के बच्चों का वजन लिया जाना, प्रसव पश्चात स्तनपान के विषय में संवर्धन के लिए प्रचार-प्रसार एवं परामर्श गतिविधियों का आयोजन, अभियान के दौरान स्तनपान के साथ-साथ 06 माह पश्चात आयु के अनुरूप आहार की जानकारी प्रदान करना, कुपोषित बच्चे जो अति गंभीर कुपोषित की श्रेणी में है, उन्हें चिन्हांकित कर पोषण पुनर्वास केंद्रों में आहार की प्रदायगी सहित संक्रमण के उपचार हेतु भर्ती किया जाना आदि गतिविधियों संचालित की जाएगी। प्रत्येक टीकाकरण केंद्रों में मंगलवार एवं शुक्रवार को प्रातः 9 बजे से 4 बजे तक सेवाएं प्रदान की जाएगी। शिशु संरक्षण माह में जिले के 9 माह से 5 वर्ष तक के 99241 बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने तथा 06 माह से 05 वर्ष तक के 106674 बच्चों को आईएफए सिरप की खुराक दी जाएगी।

# खल्लारी विस सूखे की ओर अग्रसर : अंकित

## वर्तमान भाजपा सरकार को किसानों की कोई फिक्र नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के किसान व

**अगर सूखा पड़ता है तो कर्ज माफी व मुआवजे को तैयार रहे भाजपा सरकार**

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने कहा है कि वर्तमान समय में बागबाहरा-कोमाखान क्षेत्र के साथ पिथौरा और तो और पूरे जिले में अवर्षा के कारण सूखे के हालात है। अंकित ने बताया कि धान बोआई किए एक माह से ज्यादा का समय हो चुका है और पानी की कमी के कारण थरहा लगाने वालों का अब तक ठीक से



थरहा नहीं लग पाया है,जिनका लग चुका है उनकी पानी की कमी के कारण बियासी नही हो पाई है। नहीं तो अच्छी वर्षा की स्थिति में धान बोने के 15 से 20 दिन के बाद बियासी शुरू हो चुकी होती है और अगस्त तक बियासी, निंदाई सब काम खत्म होते हैं। परंतु, वर्तमान की डबल इंजन की भाजपा सरकार को किसानों की कोई फिक्र नहीं है। आज भी सभी ओर लो वोल्टेज और लाइट गोल की समस्या यथावत है। जिसके कारण अवर्षा की स्थिति में दोहरी मार सिंचाई के ना हो पाने के कारण हो रहे है। जिसका प्रतिकूल प्रभाव किसानों को पड़ रहा है। ऊपर से बिजली की कीमतों में वृद्धि भाजपा सरकार कर चुकी है।

अंकित ने कहा कि अल्पवर्षा की स्थिति में भूमि की उर्वरता में लगातार पानी नहीं मिलने के कारण कमी आती है। फसल अच्छी नहीं होने के कारण किसानों को बड़े आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। फसल अच्छी ना होने से पशुओं के चारे में भी कमी आती है। जबकि, पिछले साल आज के दिन तक 310 मिमी की वर्षा हो चुकी थी और वर्तमान में 198 मिमी ही वर्षा हुई है। जिससे किसान खेती को लेकर बहुत पशोपेश में है। अंकित ने कहा कि अगर यही स्थिति अब दो हफ्ते रही तो खल्लारी विधानसभा के साथ पूरे जिले को सूखाग्रस्त घोषित करना पड़ेगा।

# विहिप के कार्यकर्ताओं को अनुशासित रहने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला महासमुंद की जिला बैठक बुधवार को स्वाध्याय केंद्र भवन में हुई। बैठक में प्रांत संगठन मंत्री नंद दास, प्रांत मंत्री विभूतिभूषण पांडे, प्रांत उपाध्यक्ष शिशुपाल सिंह राजपूत मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत रामचंद्र की चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। प्रांत संगठन मंत्री दास ने कार्यकर्ताओं को बैठक कैसे लेनी है, संगठन को किस प्रकार मजबूत किया जाए इस विषय पर जानकारी देते हुए संगठन में कार्यकर्ताओं को जोड़ने व संगठन को मजबूती देने व कार्यकर्ताओं को अनुशासित रहने की बात कही। साथ ही विश्व हिंदू परिषद के षष्ठीपूर्ति को लेकर किस तरह का कार्यक्रम करना है इसकी भी जानकारी उन्होंने दी। बैठक महासमुंद प्रखंड के दायित्व का भी नियोजन किया गया। जिसमें महासमुंद ग्रामीण प्रखंड के लिए उपाध्यक्ष हिरेंद्र सोनी, गौ सेवा प्रमुख लोकेश साहू, बजरंग दल महासमुंद ग्रामीण प्रखंड संयोजक लव कुश, साप्ताहिक मिलन उमेश साहू, जिला छात्रा प्रमुख योगेश सोनवानी के दायित्व की घोषणा की गई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष हर्ष चंद्राकर, राज्य विभाग विभाग मंत्री अखिलेश लूनिया, विभाग सहमंत्री डीगेश वर्मा, अर्चक पुरोहित उत्तम, विभाग विशेष संपर्क प्रमुख विष्णु चंद्राकर, विभाग संयोजक संयोजक ईवन साहू, जिला उपाध्यक्ष विजय महतो, जिला मंत्री धनेंद्र चंद्राकर, जिला संयोजक गितेश, सहसंयोजक अभिषेक, सहसंयोजक दुर्गेश यादव, जिला सत्संग प्रमुख रामेश्वर साहू, जिला सुरक्षा प्रमुख चंचल, मयंक पाणिग्रही, अरुण प्रधान, गुड्डू जायसवाल, गुड्डा सिंहा, सुमन सेंद्रे, हर्ष गुप्ता, राहील गुप्ता, लव कुश साहू, योगेश सोनवानी, योगेश साहू, गिरीश चक्रधारी आदि उपस्थित रहे।

## अफसरों ने किया स्कूलों का निरीक्षण



**महासमुंद।** सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारीद्वय तरीका कुंजाम व हीना ढालेन द्वारा 18 जुलाई को संकुल झलप अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला झलप, शासकीय पूर्व माध्यमिक कन्या झलप, बालक झलप, कुर्रूभाठा, प्राथमिक शाला झलप, श्यामनगर, तेलीबांधा, गोंगल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बच्चों की नियमित उपस्थिति, शिक्षकों की समय पर उपस्थिति, दैनंदिनी का संधारण, समय सारिणी अनुसार अध्यापन, शाला परिसर की सफाई पर दिशा निर्देश दिए गए। उनके द्वारा कक्षा अध्यापन भी कराया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक सतीश तिवारी एवं विद्यालयों में संस्था प्रमुख और सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# विजन 2047 विकसित छत्तीसगढ़ को लेकर हुई निबंध स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में संस्था के साहित्यिक प्रभारी व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी द्वारा कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध का विषय था विजन 2047 विकसित छत्तीसगढ़, मेरे सपनों का खुशहाल छत्तीसगढ़। इस प्रतियोगिता में निधि भोसले ने प्रथम



स्थान प्राप्त किया। वहीं हिमांशी निषाद द्वितीय व नीलम यादव तृतीय स्थान पर रहीं। लुकेश्वरी साहू और बिंदु पटेल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक सरोज सोनी और आशीष देवांगन थे। विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा को आगे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विमल मन्नाडे, विवेक रहटगांवकर, बेला मारू, तपस्या शर्मा, ज्योति किरण चंद्राकर, नोबल ध्रुव, खोमन चंद्राकर, पुराणिक डड़सेना सहित समस्त शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

# सशिमं में प्रमुखों का चयन

**सरायपाली।** सरस्वती शिशु मंदिर बालसी विद्यालय में आचार्य भारती एवं कन्या, बाल एवं शिशु भारती का गठन किया गया। जिसमें सभी पदाधिकारियों को विद्यालय के प्राचार्या मंजू साहू ने शपथ दिलाई। आचार्य भारती गठन में आचार्यो को दायित्व सौंपा गया। इसमें मंजू साहू प्राचार्या को प्रशिक्षण व अनुशासन प्रमुख, अंजन स्वांई परीक्षा व खेलकूद प्रमुख, नरेंद्र मांझी नैतिक शिक्षा व वाहन प्रमुख, पद्मिनी साहू शिशु वाटिका व व्यवस्था प्रमुख, जगदीश राणा कंप्यूटर व विद्युत प्रमुख, कौशल साहू लिपिक व चिकित्सा प्रमुख, सरिता प्रधान प्रार्थना व संगीत प्रमुख, दुजलाल साहू मीडिया व जल प्रमुख, रजनी सिदार बागवानी व पर्यावरण प्रमुख, लक्ष्मी नूतन भोई बालिका शिक्षा व संस्कृति ज्ञान परीक्षा, खुशबू साहू सांस्कृतिक व स्वच्छता प्रमुख, दुष्यंत साहू शारीरिक व योग प्रमुख। इस प्रकार भैया-बहनों को भी दायित्व दिया गया। इसमें अध्यक्ष मानसी साहू, उपाध्यक्ष निक्की प्रधान, सचिव भैया नवीन रात्रे, सह सचिव भैया गगन ध्रुव, प्रार्थना प्रमुख मानसी, निक्की,यशु साहू, अनुशासन प्रमुख गरिमा ध्रुव, आस्था प्रधान सांस्कृतिक प्रमुख मुस्कान व शीतल, क्रीड़ा प्रमुख हनीषा व रूपाली प्रधान, शारीरिक प्रमुख गगन व आर्यन बारीक, स्वच्छता प्रमुख अन्नू व सारिका स्वांई , बागवानी प्रमुख चन्द्रप्रभा व अमीषा भोई, चिकित्सा प्रमुख सेफाली व नीतिका साहू, पुस्तकालय प्रमुख अंशिका व भोजमोती, जल व्यवस्था प्रमुख अंश प्रधान व डिलेश बंजारा, खोया पाया प्रमुख अरमान भोई व चंद्रकांत नायक निगरानी प्रमुख टिकेश्वर व खिरोद साहू को दायित्व दिया गया।



**एनएचए संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का ध्यानाकर्षण धरना-प्रदर्शन रायपुर में**

# 18 सूत्रीय मांगों को लेकर स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों का हड़ताल 22 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के आह्वान पर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि एवं नियमितीकरण समेत 18 बिंदु मांग को लेकर प्रदेश स्तरीय दो दिवस धरना प्रदर्शन 22 एवं 23 जुलाई को रायपुर में किया जाएगा। इसके लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन देते समय एनएचएम एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के कर्मचारियों में एकजुटता दिखाई दिया। एनएचएम कर्मियों द्वारा विगत 6 माह में वर्तमान सरकार को 24 बार ज्ञापन एवं आवेदन दिया जा चुका है। इसके बाद भी कोई भी कार्रवाई नहीं होने के कारण उक्त कर्मचारी में भारी रोष व्याप्त है। जिससे आंदोलन में जाने विवश हो रहे हैं। ज्ञात हो कि जुलाई 2023 के बजट सत्र के दौरान अनुपूरक बजट में 37000 संविदा कर्मचारियों के लिए 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का प्रदान किया गया था। कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि उक्त वेतन वृद्धि लाभ स्वच्छता मिशन मनरेगा, समग्र शिक्षा विभाग को मिल गया है। जबकि, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम एवं एडस नियंत्रण कार्यक्रम के 15000 संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि अब तक अप्राप्त है। जिसके कारण कर्मियों में भारी निराशा एवं रोष व्याप्त है। जिससे विवश होकर एनएचएम संविदा कर्मचारी 22 व 23 जुलाई को बड़ी आंदोलन के तैयारी में है। इस संबंध में जिला कलेक्टर के नाम मुख्य किस स्वास्थ्य अधिकारी महासमुंद को संघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा गया। डिलीवरी संस्थागत प्रसव टीकाकरण, ओपीडी, आईपीडी, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय कार्यक्रम टीबी टेस्ट, दवाई वितरण, मलेरिया, गर्भवती महिलाओं का रूटीन टेस्ट, एचआईवी एड्स टेस्ट जांच एंव काउंसलिंग, डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा कार्यक्रम पर प्रभावित हो सकता है। वर्तमान में जिला में डायरिया नियंत्रण एंव मलेरिया के संभावित मरीजों का सर्वे चल रहा है।

**ये है प्रमुख मांगें:** 18 बिंदु की मांगों में नियमितीकरण, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, ग्रेड पे निर्धारण, वेतन विसंगति निराकरण, सीआर व्यवस्था में सुधार, चिकित्सा परिचर्या, अवकाश नियम में बदलाव, अनुकंपा नियुक्ति और अनुदान में राशि में वृद्धि, सेवा पुस्तिका संधारण, तबादला व्यवस्था में नियमितता जैसी प्रमुख मांगें सम्मिलित है।

इस दौरान जिला अध्यक्ष रामगोपाल खूंटे, अजुराम वर्मा, सहिता ध्रुव, तेजस राठौर, अनुपम मिश्रा, डॉ मधुराज देवांगन, डॉ सुजाता शुक्ला, उत्तम श्रीवास, डॉ विकास चौहान, प्रवीण नगदेवे, अर्चना तोमर, कोमल कुमार साहू, सुनील साहू, टेकलाल नायक, मोहन प्रधान, नेहा चंद्राकर, कमलेश देवांगन आदि उपस्थित रहे।

**पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969